आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 25.03.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- रंगो का त्यौहार होली आज मनाया जा रहा है। उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने अपने संदेश में कहा कि यह पर्व एकता और स्नेह का प्रतीक है।
- द्वीपसमूह की एक मात्र लोक सभा सीट के लिए भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस ने वर्तमान सांसद कुलदीप राय शर्मा को एक बार फिर अपना उम्मीदवार घोषित किया है।
- भारतीय चुनाव आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए वोटर हेल्प लाइन नम्बर– एक नौ पांच शून्य की सुविधा प्रदान की गई है।
- मायाबंदर क्षेत्र के मतदान से जुड़े कर्मियों के लिए अतिरिक्त पहले चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम ज़िला परिषद सामुदायिक हॉल में आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

उपराज्यपाल और द्वीप विकास एजेन्सी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी. के. जोशी ने द्वीपवासियों को होली के अवसर पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि रंगों का यह त्यौहार एकता और स्नेह का प्रतीक है, जो हमे भाईचारे और आपसी सम्मान के महत्व की याद दिलाता हैं। उन्होंने कहा कि रंगो का यह त्यौहार समुदाय के भीतर प्रेम और एक जुटता के बंधन को बढ़ावा देता है। इस शुभ अवसर पर उपराज्यपाल ने कामना की है कि यह त्यौहार सभी द्वीपवासियों के जीवन में खुशियां लाएं और हमारा यह द्वीप शान्ति और प्रगति के पथ पर निरन्तर अग्रसर होता रहे।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से द्वीपसमूह की एकमात्र लोक सभा सीट के लिए भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस ने वर्तमान सांसद कुलदीप राय शर्मा को एक बार फिर अपना उम्मीदवार घोषित किया है। पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति की ओर से जारी छियालिस उम्मीदवारों की सूची में अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह से कुलदीप राय शर्मा को ही अपना उम्मीदवार बनाया गया है। अब तक भारतीय जनता पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से आधिकारिक रूप से द्वीपसमूह की एक सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की गई है। आज अवकाश होने के कारण नामांकन पत्र भरने का कार्य कल और सत्ताईस मार्च को किया जाएगा और इन दो दिनों में कई और उम्मीवारों के नामांकन भरने की संभावना है। सत्ताईस मार्च तक ही

उम्मीदवार नामांकन पत्र दाखिल कर पाएंगे। नामांकन पत्रों की जांच अट्ठाईस मार्च को की जाएगी और तीस मार्च को उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकते है। नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि के बाद ही द्वीपों में लोक सभा की एक सीट के लिए कुल कितने उम्मीदवार मैदान में रह पाएंगे, इसका फैसला हो जाएगा।

<><><><><><><>

भारतीय चुनाव आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए वोटर हेल्प लाइन की भी सुविधा प्रदान की गई है। अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह में मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से इस हेल्प लाइन को मतदाताओं की सुविधा के लिए और उपयोगी बनाया गया है। द्वीपों के किसी भी क्षेत्र में रहने वाले लोग निःशुल्क नम्बर–एक नौ पांच शून्य डायल कर अपनी शिकायतें या शंकाओं को दर्ज करा सकते है। वे मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया के अलावा एपिक कार्ड, मतदान की तिथि ऑनलाइन पंजीकरण, मतदान केन्द्र जैसी कई सुविधाएं प्राप्त कर सकते है। द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी.एस. जगलान ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे चुनाव आचार संहिता के दौरान किसी भी अवैध गतिविधियों के बारे में जानकारी दे सकते है। रिश्वत देने या डराने–धमकाने की शिकायते भी इस निःशुल्क नम्बर पर दी जा सकती है। उन्होंने नागरिकों से सी–विजिल ऐप्प डाउनलोड करने और आयोग को चुनावी प्रक्रिया में अपना सहयोग देने का अनुरोध किया है। वोटर हेल्प लाइन नम्बर–एक नौ पांच शून्य इसलिए चुना गया है क्योंकि वर्ष उन्नीस सौ पचास में भारतीय चुनाव आयोग की स्थापना हुई थी।

<><><><><><><>

आगामी लोक सभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने और मतदाताओं को जागरूक करने के लिए द्वीपों के विभिन्न क्षेत्रों में स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। रंगत तहसील में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया। महात्मा गांधी कॉलेज मायाबन्दर के सहयोग से ज़िला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से आयोजित यह जागरूकता कार्यक्रम निलाम्बूर जेट्टी, अड़ाजिक मार्केट, साउथ क्रीक मार्केट और उत्तरा मार्केट में आयोजित हुआ। मध्योत्तर अण्डमान ज़िले के सभी ग्राम पंचायतों में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सत्ताईस और अट्ठाईस मार्च को भी जागरूकता कार्यक्रम चलेगा। इस बीच मध्योत्तर अण्डमान ज़िले में चुनाव नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

<><><><><><><>

देशभर में अवैध डिजिटल ऋण ऐप्प से संबंधित एक बड़ी संख्या की शिकायतें आ रही है। यह ऐप्स कम अवधि के लिए ऋण और माइक्रो केडिट प्रदान करते है, लेकिन उनमें अत्यधिक ब्याज दरें और छिपे शुल्क शामिल होते है। यह ऐप्स भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विनियमित नहीं होते है, और वे कमज़ोर और कम आय वाले वर्ग के लोगों को प्रभावित करने का प्रयास करते है। यह ऋण प्राप्त करने के लिए उपयोगकर्ताओं से गोपनीय निजी जानकारियां जैसे संपर्क, स्थान, फोटो और वीड़ियों प्रदान करने की मांग की जाती है। इन व्यक्तिगत जानकारियों का दुरूयोग उनके खिलाफ ब्लैकमेल करने में किया जाता है। अवैध ऐप्स बडे पैमाने पर बल्क एस एम एस, डिजिटल विज्ञापन, चैट मैसेन्जर और मोबाइल ऐप स्टोर आदि में उपयोग करते है। पुलिस ने सभी नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह देते हुए इन अवैध ऋण ऐप्स का उपयोग न करने की सलाह दी है। अगर किसी को इन ऐप्स का उपयोग करने से धोखाधड़ी, ब्लैकमेल या पीड़ा का सामना करना पड़े, तो वे सहायता, जानकारी या पूछताछ के लिए साइबर अपराध पुलिस थाना, अण्डमान व निकोबार द्वीपसमूह, राष्ट्रीय हेल्प लाइन नम्बर– एक नौ तीन शून्य तथा अण्डमान व निकोबार पुलिस साइबर हेल्पलाइन नम्बर– नौ पांच तीन एक आठ पांच छः शून्य आठ तीन पर संपर्क कर सकते है या cybercrime.gov.in का भी उपयोग किया जा सकता है।

<><><><><><><>

मायाबंदर क्षेत्र के मतदान से जुड़े कर्मियों के लिए अतिरिक्त पहले चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम ज़िला परिषद सामुदायिक हॉल में आयोजित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी दिलखुश मीणा ने इसका उद्घाटन करते हुए, मतदान कर्मियों को उनकी भूमिका और ज़िम्मेदारी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मतदान कर्मियों को सेक्टर अधिकारियों, ज़िला निर्वाचन प्रकोष्ठ और तहसील कार्यालय मायाबंदर के संपर्क में रहने को कहा, ताकि वे अपनी शंकाओं का समाधान कर सके। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर सोम नायडू ने प्रशिक्षण प्रदान किया। बाद में ई. वी. एम. के संचालन के बारे में भी जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

आई सी डी एस परियोजना ग्रामीण की ओर से डिगलीपुर में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। डिगलीपुर के प्रशासनिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी एम. राजेन्द्र कुमार मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली और व्यंजन बनाने की प्रतियोगिता हुई। डिगलीपुर की सी डी पी ओ ने पोषण पखवाड़ा को सफल बनाने के लिए सभी के प्रति अपना आभार प्रकट किया। पोषण पखवाड़े

के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जागरूक किया गया, ताकि वे अपने–अपने क्षेत्र में पोषण और उसके महत्व के बारे में और जानकारी प्रदान कर सके।

**<><><><><><><>**

<u>समाचार पत्रो ंकी सुर्खियां</u>

चुनाव आयोग द्वारा विकलांग व्यक्तियों के लिए मतदान केन्द्रों पर आसान मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सक्षम ऐप्प लॉन्च किया है– द डेली टेलीग्राम्स की खबर हैं। अखबार ने चुनाव ड्यूटी मे ंलगे कर्मियों के लिए दूसरे दौर का प्रशिक्षण कार्यक्रम डॉ. बी.आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान के सभागार में आयोजित करने के समाचार को भी सचित्र प्रकाशित किया है। कार्बाइंसकोव में स्वीप टीम द्वारा सैंड आर्ट के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया–द्वीप समाचार की खबर हैं। दक्षिण अण्डमान ज़िला स्वास्थ्य सोसाइटी द्वारा विश्व टीबी दिवस मनाए जाने के समाचार को भी प्रकाशित किया है।

**<><><><><><><>**